>

Title: Situation arising out of reported proposed shifting of RMS office from Prabhani Railway Station, Maharashtra.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। यह हमारे परभनी में 1975 से रेलवे नई सर्विस का ऑटो स्ट्रीट है, उससे संलग्न 45 पोस्ट ऑफिसेज हैं और 350 ब्रान्च ऑफिसेज हैं। वर्ष 1975 से आज तक यह कार्यालय वहां काम कर रहा है लेकिन आज कोई अधिकारी ये कार्यालय औरंगाबाद या नांदेड़ में शिफ्ट करने की प्रक्रिया कर रहे हैं। इस प्रक्रिया का विरोध परभनी और मराठवाड़ा की जनता की ओर से हो रहा है। मैंने भी बहुत बार माननीय मंत्री जी को और अधिकारियों को चिट्ठी लिखकर इस कार्यालय को स्थानांतरित न करने के लिए प्रार्थना-पत्र दिया है तो भी यह कार्यालय को स्थानांतरित करने की जो कार्यवाही चालू है, वह बंद नहीं हुई है। अगर यह कार्यालय यहां जिले से बंद हो जाएगा तो कोरियर सर्विस को बढ़ावा मिलेगा और कोरियर सर्विस को बढ़ावा मिलने की वजह से सेन्ट्रल गवर्नमेंट का राजस्व कम हो रहा है। इसलिए मैंने पहले भी माननीय मंत्री महोदय को पोस्टल एक्ट में अमेंडमेंट करने के लिए प्रश्न रखा था। उसमें अमेंडमेंट करने के लिए माननीय मंत्री जी ने कहा था लेकिन अभी तक वह अमेंडमेंट भी नहीं आया और जो पोस्टल की सेवा है, अगर ऐसे ही कम रही तो प्राइवेट कोरियर को ज्यादा बढ़ावा मिलेगा। इसलिए माननीय मंत्री जी से प्रार्थना है कि हमारा जो परभनी का रेलवे पोस्ट ऑफिस है, उसे वहीं रहने दीजिए, उसे कहीं स्थानांतरित नहीं कीजिए। यही मेरी आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है। धन्यवाद।